>

Title: Issue regarding equal allotment of funds to both urban and rural areas under Pradhan Mantri Awas Yojana.

श्रीमती नवनित रवि राणा (अमरावती): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । मैं सबसे पहले देश के हर राज्य में पंत प्रधान आवास योजना लाने के लिए प्राइम मिनिस्टर जी का दिल से अभिनन्दन और धन्यवाद करना चाहूंगी । महाराष्ट्र में जितने भी गरीब और गरजू लोग हैं, उनको इस योजना से फायदा मिलेगा । आज जो लोग स्लम एरिया में रहते हैं, वे सभी भूमि का अतिक्रमण करके रहते हैं । वे 20-20 सालों से अपने-अपने गांवों में, शहरों में रहते हैं । आज उनका एक सपना है कि वर्ष 2022 तक हर व्यक्ति, जो जरूरतमंद है, उन्हें घर मिलना चाहिए । लेकिन, इसके लिए इतनी त्रुटियां निकाली जाती हैं, जैसे यदि किसी के पास परमानेंट रेजिडेंस प्रूफ बोथ सिटीज का नहीं है या शहर का नहीं है तो उन्हें उस योजना का लाभ नहीं मिल पाता है । मैं आपको बताना चाहती हूं कि अमरावती जिला के अंदर यवतमाठ, अकोला, वाशिम, बुलढाणा ये सभी सब डिवीजन आते हैं और इनकी कुल जनसंख्या लगभ डेढ़ करोड़ है । डेढ़ करोड़ की जनसंख्या में केवल सवा दो लाख लोगों को घरकुल दिया गया है । पंत प्रधान आवास योजना के अंतर्गत केवल इतने लोग ही लाभार्थी हैं । लेकिन, जो एक करोड़ लोग बाकी हैं, उनके लिए इस योजना को कब तक पूरा करेंगे और कैसे करेंगे? मैं आपसे एक छोटा-सा अनुरोध करना चाहती हूं कि अमरावती के कार्पोरेशन में 65000 फार्म समिट हुए हैं और उनमें से केवल 6000 लोगों को घरकुल मिला है । अगर हम लोगों की संख्या और वोटरों की संख्या को देखते हैं तो यह एक लाख से ज्यादा है । मैं एक और बात कहना चाहती हूं । आपने टाइम के बारे में कहा है । मेरी टाइम पर ज्यादा नजर नहीं जाती है । सिटी में इस योजना के लिए ढाई लाख रुपये देते हैं और इसी योजना के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 1,38000 देते हैं जबकि वहां भी सीमेंट, लोखंड और मजदूर का भाव समान है । जब सब चीजें एक ही भाव की हैं तो मेरी विनती है कि आप सिटी में जो ढाई लाख रुपये दे रहे हैं,

उतनी ही राशि ग्रामीण क्षेत्रों में भी घरकुल योजना के लिए दीजिए । मैं आपसे इतनी ही विनती करना चाहती हूं ।